सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## अष्टम् सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि $\frac{\text{24 फाल्गुन, 1934 (श०)}}{\text{15 मार्च, 2013 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 160

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 63 |
| (2) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 60 |
| (3) पर्यटन विभाग | .. | .. | 18 |
| (4) संसदीय कार्य विभाग | .. | .. | 01 |
| (5) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 10 |
| (6) विधि विभाग | .. | .. | 02 |
| (7) योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 06 |
| | | कुल योग - | 160 |

नियुक्ति करना

'क' *1932. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार लोक सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या 24/89 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग में 195 पद आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी के रिक्त पद के विरुद्ध 10 जनवरी, 1993 को स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित की गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के संकल्प 846, दिनांक 6 नवम्बर, 1982 में मापदण्ड विभिन्न परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर अंक आवंटित करने का प्रावधान है;

(3) क्या यह बात सही है कि आरक्षित कोटे के उम्मीदवार क्रमांक 79,793, 794 को क्रमशः 46, 54, 54 प्राप्तांक से कम अंक प्राप्त उम्मीदवार क्रमांक 1257, 1280 तथा अन्य को सफल उम्मीदवार घोषित किया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नियुक्ति प्रक्रिया में विसंगति दूर कर संकल्प संख्या 846 के अनुसार आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अनुदान राशि देना

*2543. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य भर में अग्निकांड से पीड़ित लोगों को मुआवजा दिया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत आमस प्रखण्ड के अकौना गाँव में दिनांक 13 फरवरी, 2013 को सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता के नेवारी के गांज में आग लग गई थी जिससे काफी नुकसान पहुँचा है;

(3) क्या यह बात सही है कि अग्निपीड़ित परिवार को सरकार के स्तर से कोई सहायता नहीं दी गई है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अग्निपीड़ित परिवार को नुकसान के भरपाई के लिए अनुग्रह अनुदान राशि देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ड्रेस का उपयोग नहीं करने का औचित्य

*2544. श्री अरूण कुमार सिन्हा--स्थानीय हिन्दी दैनिक के 6 दिसम्बर, 2012 के अंक में प्रकाशित ''एन०एम०सी०एच० में ड्रेस कोड योजना फ्लाप'' शीर्षक को ध्यान में रखकर क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मरीज ड्रेस कोड योजना के तहत 42 लाख की लागत से 14 हजार ड्रेस मार्च, 2012 से एन०एम०सी०एच० में क्रय कर रखा हुआ है, जिसे अबतक मरीजों को नहीं बाँटा गया है, यदि हां, तो अबतक उक्त ड्रेस का उपयोग नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---------

चहारदीवारी का निर्माण

*2545. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मानपुर में चहारदीवारी नहीं होने से पूरा स्वास्थ्य केन्द्र असुरक्षित है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र की चहारदीवारी निर्माण कराने एवं उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को 30 शय्या वाले अस्पताल के रूप में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुनर्वासित करना

*2546. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1966-67 में भीषण गंगा नदी के कटाव से प्रभावित होकर खगडिया जिला के सदर प्रखण्ड के दक्षिणी रहीमपुर पंचायत के मथार, चम्मनटोल, बड़खण्डी टोल परवत्ता प्रखण्ड के सलारपुर, भरसों, लगार, विशौनी, गोगरी के बन्नी, चैधा, सिरजुआ गाँव के हजारों परिवार विस्थापित होकर आज भी बाँध या सड़क के किनारे वर्षों से जीवन बसर कर रहे हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कटाव से प्रभावित परिवारों को पुनर्वासित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नोट--'क' दिनांक 11 मार्च, 2013 को सदन द्वारा स्वास्थ्य विभाग में स्थानान्तरित ।

भवन की मरम्मती

*2547. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत बरियारपुर प्रखण्ड के पूर्वी एवं पश्चिमी करहडिया पंचायत मुख्यालय में बने स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन विगत दस वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण रोगियों को वर्षात के मौसम में इलाज कराने में असुविधा होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्रों के भवन की मरम्मती यथाशीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---------

बस चलवाना

*2548. श्री रामधनी सिंह--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम में रोहतास गढ़ किला, शेरशाह सूरी का मकबरा, माँ तारा चण्डी धाम एक दर्शनीय स्थल है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना से सासाराम भाया कोचस पर्यटन विभाग की एक भी बस नहीं चलती है;

(3) क्या यह बात सही है कि पटना से सासाराम की दूरी 190 कि०मी० है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ पर पर्यटन विभाग की एक बस चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाने का औचित्य

*2549. श्री विनय कुमार सिंह-क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विद्युत अधीक्षण अभियंता, पटना के पत्रांक 3403, दिनांक 2 जुलाई, 2009 द्वारा मुख्य अभियंता (आर० ई०) बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड, पटना को पटना जिला अन्तर्गत मसौढ़ी के धनरवां प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम सेवती में 23 अदद कृषि एवं 20 अदद घरेलू आवेदक जिसने बिजली लेने हेतु सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली है को विद्युतीकरण करने हेतु अनुरोध किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्युत् कार्यपालक अभियंता, विद्युत् आपूर्ति प्रमण्डल, मसौढ़ी के द्वारा भी अपने पत्रांक 1132, दिनांक 30 अगस्त, 2008 द्वारा अधीक्षण अभियंता विद्युत्, पटना को मसौढ़ी प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम सेवती में एक अदद 100 के०वी०ए० ट्रांसफॉर्मर प्रतिष्ठापन हेतु अनुरोध किया है, परन्तु विद्युतीकरण नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अबतक गाँव का विद्युतीकरण एवं ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाने का औचित्य क्या है ?

---------

तार बदलना

*2550. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला अन्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखण्ड के मानो गाँव में पिछले 20 वर्षों से तार नहीं बदले जाने के कारण तार जर्जर हो गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

बैठक आहूत करना

*2551. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावां में रोगी कल्याण समिति, रेफरल अस्पताल का निबंधन सोसाइटी रजिस्ट्रेशन ऐक्ट 21, 1860 के तहत दिनांक 30 नवम्बर, 2012 को हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त समिति के गठन के पश्चात् आजतक एक भी बैठक का आयोजन नहीं हुआ है जिससे उक्त अस्पताल में सरकारी योजनाओं पर खर्च आदि की जानकारी नहीं मिल पा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो निबंधन के पश्चात आजतक एक भी बैठक आहूत नहीं करने का क्या औचित्य है तथा सरकार कबतक बैठक आहूत कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---------

संयंत्र स्थापित करना

*2552. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लिनीक इत्यादि से जीव चिकित्सा अवशिष्टों को निबटाने हेतु अभीतक भष्मीकरण संयंत्रों की स्थापना पूर्णियां तथा अररिया जिलों में नहीं हो सकी है;

(2) क्या यह बात सही है कि जीव चिकित्सा अवशिष्ट प्रबंधन एवं निबटान नियमावली, 1998 के प्रावधानों के आलोक में उक्त भष्मीकरण संयंत्रों की स्थापना उक्त जिलों में परमावश्यक है ताकि बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रण एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखा जा सके;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जिलों में भष्मीकरण संयंत्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विकास करना

*2553. श्री संतोष कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रमंडलीय मुख्यालय पूर्णियां का नामकरण पूरन देवी मंदिर के नाम पर है और पर्यटन की दृष्टि से इस मंदिर का पौराणिक महत्व है परन्तु अभीतक उसका विकास पर्यटन की दृष्टि से नहीं हो पाया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पूरन देवी मंदिर का विकास पर्यटन की दृष्टि से करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भुगतान कराना

*2554. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा अंचल के भवदेपुर एवं डुमरा अंचल के रामनवमी क्षेत्र बोहा टोला में वर्ष 2008 में आगजनी की घटना हुई थी जिसमें मेला ठीकेदार को 7 लाख रुपये की क्षति हुई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आगजनी की घटना के संबंध में तत्कालीन राजस्व मंत्री के द्वारा जिलाधिकारी से प्रतिवेदन की मांग की गई थी;

(3) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी समाहर्ता के पत्रांक 31350, दिनांक 5 दिसम्बर, 2008 द्वारा प्रतिवेदन दिया गया जिसमें मेला ठीकेदार को सहायता राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया था;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त आगजनी की घटना में मेला ठीकेदार को अभीतक मुआवजा राशि का भुगतान नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---------

विद्युत् आपूर्ति करना

*2555. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के बंजरिया (पचरूखा) में विद्युत् उप-केन्द्र नया स्थापित हुआ है, जहां से पूरे बंजरिया प्रखंड के सभी विद्युतीकृत गांवों को विद्युत् आपूर्ति की जायेगी;

(2) क्या यह बात सही है कि मोतिहारी शहर के छतौनी एवं मजुराहां विद्युत् उप-केन्द्र से अभी भी बंजरिया प्रखंड के विभिन्न गांवों में विद्युत् आपूर्ति हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बंजरिया विद्युत् उप-केन्द्र से ही बंजरिया प्रखंड के सभी गांवों में विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सकों का पदस्थापन

*2556. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों हेतु महिला चिकित्सकों की स्वीकृत 31 पदों के विरुद्ध मात्र 04 चिकित्सक की पदस्थापना से आमजन को काफी परेशानी होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उन 27 रिक्त पदों पर महिला चिकित्सकों की पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

अनुदान देना

*2557. श्री सुबाष सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत गोपालगंज अंचल में वर्ष 2012 में आयी बाढ़ से प्रभावित 190 परिवारों को आवंटन के अभाव में खाद्यान्न एवं नगद अनुदान का वितरण नहीं किया जा सका था;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त बाढ़ साहाय्य से वंचित 190 परिवारों को साहाय्य प्रदान करने हेतु जिला पदाधिकारी, गोपालगंज के पत्रांक 46/आ०प्र०, दिनांक 28 जनवरी, 2013 द्वारा अपर सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग, पटना से मार्गदर्शन की मांग की गई है परन्तु मार्गदर्शन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में साहाय्य अनुदान से वंचित परिवारों में भूखमरी की स्थिति है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अविलम्ब साहाय्य अनुदान से वंचित परिवारों को साहाय्य अनुदान देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2558. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य सचिव के पत्रांक 886, दिनांक 11 सितम्बर, 2006 द्वारा आदेश निर्गत है विधायकों के पत्र पर कृत कार्रवाई से एक माह के अन्दर सूचित किया जाय;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता के पत्रांक 749/10, दिनांक 29 दिसम्बर, 2010 तथा स्मार पत्रांक 104/11, दिनांक 13 अप्रील, 2011 से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, शाहपुर, पत्रांक 750/10, दिनांक 20 दिसम्बर, 2010 तथा स्मार पत्रांक 207/11, दिनांक 5 अगस्त, 2011 से शिक्षा पदाधिकारी, बिहीया, पत्रांक 259/11, दिनांक 18 अक्टूबर, 2011 तथा स्मार पत्रांक 281/11, दिनांक 25 नवम्बर, 2011 से कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) शाहपुर पत्रांक 608/12, दिनांक 26 नवम्बर, 2012 से कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) बिहीया को पत्र देने एवं मुख्य सचिव के पत्र को स्मारित कराने के बाद भी आजतक सूचना उपलब्ध नहीं करायी गयी है, यदि हां, तो मुख्य सचिव के पत्र के अवहेलना करने वाले पदाधिकारियों पर सरकार कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---------

राशि खर्च करना

*2559. श्री गिरिधारी यादव--दिनांक 25 जनवरी, 2013 को हिन्दी दैनिक में प्रकाशित समाचार शीर्षक ''सी०एम० क्षेत्र विकास योजना की दस प्रतिशत राशि भी खर्च नहीं'' के आलोक में क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना की अभीतक 10 प्रतिशत राशि भी खर्च नहीं हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2011-12 एवं 2012-13 दो वर्षों की सभी योजनाओं को 31 मार्च, 2013 तक कार्यान्वित करा देने का लक्ष्य है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो शत-प्रतिशत उपलब्धि के लिए सरकार कौन-से कदम उठाने का विचार रखती है ?

भवन का निर्माण

*2560. श्री अवधेश कुमार राय - क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बछवाड़ा प्रखण्ड स्थित चमथा के स्वास्थ्य केन्द्र में आवासीय भवन नहीं होने के कारण चिकित्सक एवं कर्मियों का आवासन स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में नहीं होता है, जिससे इमरजेंसी/रात्रि में मरीजों को इलाज हेतु जिला मुख्यालय जाना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का आवासीय भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

तार बदलना

*2561. श्री कौशल यादव- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि नावादा जिलान्तर्गत गोविन्दपुर प्रखण्ड में फतेहपुर से गोविन्दपुर तक लगे 11,000 (ग्यारह हजार) वोल्ट का तार 45 (पैंतालीस) साल पुराना है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तार पुराना हो जाने के कारण तार की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है, जिससे कई बार दुर्घटना भी हो चुकी है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तार को बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*2562. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत सीमावर्ती जयनगर अनुमण्डल मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बासोपट्टी में महिला चिकित्सक पदस्थापित नहीं हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त केन्द्रों पर नेपाल के साथ-साथ स्थानीय प्रखण्डों के रोगियों का इलाज महिला चिकित्सक के अभाव में सही ढंग से नहीं हो पा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त दोनों प्राथमिक स्वास्थ्य उप केन्द्र में महिला चिकित्सकों को पदस्थापित करने का विचार रखती है; हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विकसित करना

*2563. श्री गोपालजी ठाकुर- क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखण्ड के बन्दूहेली ग्राम में लोरिक का किला कोंगराडीह ऐतिहासिक स्थल है, परन्तु वहाँ मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं रहने से पर्यटकों को काफी कठिनाइयाँ होती हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस ऐतिहासिक स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जले ट्रांसफॉर्मर बदलना

*2564. श्री महेन्द्र बैठा- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के पातेपुर चौक, डेरूआ, रमौली एवं सुक्की गाँवों के ट्रांसफॉर्मर विगत 1 वर्ष से जले हुये हैं, यदि हां, तो सरकार उक्त जले हुये ट्रांसफॉर्मर को कबतक बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*2565. श्रीमती नीता चौधरी - क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखण्ड अन्तर्गत खैरा पंचायत के माढ़ी गाँव में स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण की घोषणा वर्ष 2010 में स्वास्थ्य मंत्री द्वारा की गयी थी, परन्तु अभीतक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण नहीं हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव में स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

रोड मैप में जोड़ना

*2566. श्री परमानन्द ऋषिदेव- क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मानव विकास के लिए पंचवर्षीय रोड मैप के तहत राज्य स्तर पर मोनेटरिंग कमिटी का गठन 29 सितम्बर, 2011 को किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सुनिश्चित माप दण्ड के आधार पर योजना बनाकर मानव विकास के हर पहलू को इसमें जोड़ा जाना है, यदि हां, तो अभीतक इस संबंध में क्या प्रगति हुई है ?

---

निर्माण कराना

*2567. श्री गजानंद शाही- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत शेखोपुर पंचायत के हैदर चौक पर पावर सब स्टेशन निर्माण के लिए 5 वर्षों पूर्व शिलान्यास किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पावर स्टेशन के शिलान्यास होने के बावजूद आजतक पावर सब स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पावर सब-स्टेशन का निर्माण नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

रिक्तियों को भरना

*2568. श्री राम लषण राम ''रमण'' -क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम को सुचारू रूप से कार्यान्वित करने हेतु स्वास्थ्य निदेशालय के अन्तर्गत विभिन्न पदों के सृजन के साथ ''राज्य चक्षु कोषांग'' का गठन वर्ष 1986 में किया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य चक्षु कोषांग के सभी सृजित पद अबतक रिक्त हैं;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक रिक्तियों को भरने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

विकसित करना

*2569. श्री संतोष कुमार—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड का जलालगढ़ प्राचीन किला पर्यटन की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान रखता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करना

*2570. श्री बैद्यनाथ सहनी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पटोरी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत सिदिलपुर सुपौल, राज चकसलेम एवं हवासपुर के जोड़पुरा, ताजपुर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत राज रजबा में वर्ष 2008 से विद्युत ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं जिससे उक्त ग्राम पंचायतों में आजतक विद्युत् आपूर्ति बंद है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है ?

---------

प्रतिनियुक्ति का औचित्य

*2571. श्री विक्रम कुँवर—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि डॉ0 एस0एन0 शर्मा, प्राध्यापक, फिजियोलॉजी विभाग, पी0एम0सी0एच0, पटना के विरुद्ध नियुक्ति प्रक्रियाओं में घोर अनियमितता एवं धांधली का आरोप है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वरीय पुलिस उपाधीक्षक, निगरानी पटना ने अपने पत्रांक 2413 अ0क0, दिनांक 8 मई, 2009 के द्वारा डा0 शर्मा के खिलाफ धारा 467, 468, 469, 471, 120 (बी) भा0द0वि0 एवं 13 (2) सह पठित धारा 13(1) (डी0) भ0नि0अधि0, 1988 के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा अधीक्षक, निगरानी, अन्वेषण ब्यूरो, पटना से किया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि मामला सत्य पाये जाने के बावजूद भी डॉ0 शर्मा को उच्च स्तर के नियुक्ति के मामले में विशेषज्ञ के रूप में बी0पी0एस0सी0, में प्रतिनियुक्ति वर्ष 2012 में की गयी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो ऐसे पदाधिकारी को विशेषज्ञ के रूप में बी0पी0एस0सी0 में प्रतिनियुक्त करने का क्या औचित्य है ?

------

पुनर्वासित करना

*2572. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंडान्तर्गत पंचायतों यथा कालामटिहनियां, दुर्गा मटिहनियां, टोला सिपाया के कई गाँव गत वर्ष गंडक नदी की कटाव एवं बाढ़ की विभीषिका से विलुप्त हो गया है जिससे उन सभी गाँव के वासी विस्थापित हो गये हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उन विस्थापित गाँव के वासियों को पुनर्वासित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुनिश्चित करना

*2573. श्री विभाषचन्द्र चौधरी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिले के बरारी प्रखंड अन्तर्गत उत्तरी भंडार तल पंचायत के हुसैना, बिसहरिया, नया टोला, बैडंडा, हरिशपुर और संशाली टोला गाँव राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना से आच्छादित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रामों में कुछ स्थानों पर बिजली पोल तो गाड़ दिये गये परन्तु अभीतक न तो तार जोड़े गये हैं और न ट्रांसफार्मर का प्रतिष्ठापन हुआ है जिससे इन गाँवों में बिजली आपूर्ति नहीं हो पायी है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्रश्नाधीन ग्रामों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिये अपेक्षित व्यवस्था करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कॉलेज की स्थापना

*2574. श्रीमती पूनम देवी यादव––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में दिल्ली, बंगाल जैसे राज्यों की तरह स्वतंत्र रूप से इंस्टीच्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन फॉर हेन्डीकेप्ड की स्थापना नहीं की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के इच्छुक युवाओं को शिक्षा प्राप्ति हेतु अन्य राज्य या निजी संस्थानों में दाखिला लेना पड़ता है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावक को भारी आर्थिक बोझ एवं असुविधा का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार फिजिकल एजुकेशन फॉर हेन्डीकेप्ड कॉलेज की स्थापना करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

---

विकसित करना

*2575. श्रीमती मुन्नी देवी––क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के कुंडवा शिव मंदिर, बिलौटी सैकड़ों वर्ष पुराना मंदिर होने के साथ ही ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व का है जहां प्रत्येक वर्ष मेला का आयोजन होता है एवं वर्ष भर दूर–दराज से लोग पूजा अर्चना करने आते हैं परन्तु वहां बुनियादी सुविधा नहीं रहने से काफी परेशानी होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा पत्रांक 61, दिनांक 28 मार्च, 2011 द्वारा मुख्य मंत्री, बिहार एवं पत्रांक 303, दिनांक 13 दिसम्बर, 2011 द्वारा माननीय मंत्री, पर्यटन विभाग को उक्त मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु लिखा गया है, लेकिन आजतक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई है, यदि हां, तो सरकार कबतक कुंडवा शिव मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ढलाई कराना

*2576. श्री जितेन्द्र कुमार––क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बड़गाँव सूर्यमंदिर एक प्राचीन धर्म स्थल के रूप में विख्यात है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल पर श्रद्धालुओं को टूटी–फूटी गली एवं नाले–नालियों से होकर दण्डवत् देकर आना–जाना पड़ता है जिससे इन्हें काफी असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु नाले–नालियों की मरम्मती एवं टूटी हुई सड़कों को पी०सी०सी० ढलाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नया भवन बनवाना

*2577. श्री रामसेवक सिंह––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज ज़िला के हथुआ प्रखण्ड के प्रा० स्वा० केन्द्र, कुसौंधी का भवन जर्जर हो चुका है जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना दीवार गिरने या छत गिरने से हो सकती है ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य उप–केन्द्र, कुसौंधी के लिए नया भवन बनवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण एवं जर्जर तार बदलना

* 2578. श्री प्रमोद कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के पिपराकोठी प्रखण्ड एवं मोतिहारी प्रखण्ड के ग्रामीणों को लखौरा में पावर सब–स्टेशन नहीं रहने एवं जर्जर तार होने के कारण विद्युत् आपूर्ति में कठिनाई एवं दुर्घटनाएँ होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो लखौरा में पावर सब–स्टेशन का निर्माण कराने एवं जर्जर तार को बदलने का विचार सरकार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ऊर्जान्वित करना

* 2579. श्रीमती पूर्णिमा यादव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नारदीगंज प्रखंड के ग्राम–इचुआ, हंरनारायणपुर, डोभावर, सिरपतिया, हिरामन बिगहा आजतक राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना के लाभ से वंचित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों को राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना से ऊर्जान्वित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जर्जर तार बदलना

* 2580. श्री प्रेम रंजन पटेल—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिला अन्तर्गत सलोनाचक ग्रिड से पिपरिया प्रखण्ड के रामचन्द्रपुर, ओलीपुर, मोहनपुर तक जाने वाली तार के जर्जर होने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जर्जर तार रहने के कारण बराबर दुर्घटनाएँ होती रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सलोनाचक से पिपरिया प्रखण्ड तक जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, अगर हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

हॉस्पीटल बनाना

* 2581. श्री गजानंद शाही—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि माननीय मुख्य मंत्री द्वारा विश्वास यात्रा के दौरान वर्ष 2012 में घोषणा की गई है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत रेफरल अस्पताल, बरबीघा को 110 शय्या वाला हॉस्पीटल बनाया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि माननीय मुख्य मंत्री की घोषणा के बाद भी बरबीघा रेफरल अस्पताल को 110 शय्या वाला अस्पताल का दर्जा अभीतक नहीं मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रेफरल अस्पताल को 110 शय्या का हॉस्पीटल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् संचरण करना

* 2582. श्री अशोक कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर प्रखंड के उसरी पंचायत के ग्राम–गोरौली, कुर्मी टोला का विद्युतीकरण कार्य बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड, पटना के द्वारा वर्ष 2007 में की गई, लेकिन ट्रांसफॉर्मर अबतक नहीं लगाये जाने से उक्त गाँव में विद्युत् संचार नहीं होता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त गाँव में ट्रांसफॉर्मर लगाकर विद्युत् संचार व्यवस्था संचालित करने का विचार रखती है ?

विकसित करना

* 2583. श्री प्रदीप कुमार––क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत लोकनायक जयप्रकाश नारायण की कर्म भूमि सेखोदौरा से 5 कि0मी0 की दूरी पर मछन्दरा में ठण्डे जल का जलप्रपात है, जहाँ गर्मी के दिनों में पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जलप्रपात तक सम्पर्क पथ नहीं है, साथ ही पर्यटकों को किसी प्रकार की सुविधा नहीं मिल पाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मछन्दरा जलप्रपात तक पहुँच पथ का निर्माण करवाने तथा जलप्रपात स्थल को विकसित करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उपस्थिति सुनिश्चित कराना

* 2584. श्री रतनेश सादा––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड के कुन्दह पंचायत में उप–स्वास्थ्य केन्द्र विगत पन्द्रह वर्षों से स्थापित है, जिसका अपना भवन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में डाक्टरों एवं कर्मचारियों का पदस्थापन तो है पर वे कभी भी स्वास्थ्य उप–केन्द्र आते नहीं हैं जिसके कारण मरीजों को 15 कि0मी0 दूर महिषी नाव से नदी पार कर इलाज हेतु आना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में कबतक उक्त उप–स्वास्थ्य केन्द्र को अपना भवन उपलब्ध कराकर चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

* 2585. श्री विजय कुमार सिन्हा––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय नगर परिषद् के विद्यापीठ चौक से सदर अस्पताल की दूरी पाँच किलो मीटर है और लखीसराय बाजार अत्यन्त संकीर्ण होने के चलते बराबर जाम की स्थिति बनी रहती है जिससे गर्भवती महिलाएँ, वृद्धों एवं बीमार बच्चों को काफी असुविधा होती है ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में विद्यापीठ के पास सरकारी परती भूमि में स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नम्बर सार्वजनिक करना

* 2586. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले सहित राज्य के सभी विद्युत् उप–शक्ति केन्द्रों में सरकारी मोबाईल नहीं है जिस कारण दुर्घटना होने की स्थिति में शीघ्र सम्पर्क नहीं होने से जान–माल की काफी क्षति हो जाती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सभी उप–शक्ति केन्द्रों में सरकारी मोबाईल उपलब्ध कराकर नम्बर सार्वजनिक करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण योजना पूरा कराना

*2587. श्री अवधेश कुमार राय—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बिजुलिया, झगराहा, जगन सैदपुर, पुरानीडीह, हेमारपुर, नारायणपुर आदि गाँव में ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत केवल बिजली का पोल गाड़कर विद्युतीकरण योजना को अधूरा छोड़ दिया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उपर्युक्त गाँवों में विद्युतीकरण योजना को कबतक पूरा करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भूमि अतिक्रमणमुक्त कराना

*2588. श्री भोला राय—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कदवा प्रखंड अंतर्गत अतिरिक्त प्रा०स्वा० केन्द्र बलिया बेलौन को 1.08 (एक एकड आठ डीसमिल) भूमि उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के तीन दिशाओं से पड़ोसी लोगों द्वारा अतिक्रमित कर लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त केन्द्र की भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण कराना

*2589. श्री अख्तरूल इसलाम शाहिन—दैनिक हिन्दी समाचार–पत्र 20 फरवरी, 2013 में छपी खबर शीर्षक "अंधेरे में जी रहे लोग" के सन्दर्भ में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखंड रोसड़ा, समस्तीपुर एवं ताजपुर के दर्जनों गाँवों का विद्युतीकरण कार्य आजतक नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त प्रखंडों के वंचित ग्राम एवं उसके क्षेत्रों में विद्युतीकरण कार्य कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*2590. श्री राम सेवक सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान–सभा क्षेत्र के प्रखंड हथुआ के ग्राम आमठा खेम में 63 के० भी० का ट्रांसफॉर्मर दिसम्बर, 2012 से जला हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस ग्राम में 200 सौ उपभोक्ताओं की संख्या है परंतु ट्रांसफॉर्मर की शक्ति कम रहने से उपभोक्ताओं को लो भोल्टेज का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जले हुए ट्रांसफॉर्मर को बदलने एवं लो भोल्टेज के समाधान हेतु 200 के० भी० का ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कार्य पूरा कराना

*2591. श्रीमती कुमारी मंजु वर्मा—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के खोदावन्दपुर प्रखंड के पी०एच०सी० में चहारदीवारी का काम वर्ष 2007 में शुरू हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि आजतक चहारदीवारी का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चहारदीवारी निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चालू कराना

*2592. श्री रमेश ऋषिदेव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखंड प्रखंड के रानीपट्टी के अतिरिक्त प्राथमिक स्वा० केन्द्र का भवन 10 वर्षों से अधूरा बना कर छोड़ दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अधूरा भवन बनने से चिकित्सक एवं कर्मचारी वेतन का उठाव करते हैं, परंतु स्वास्थ्य केन्द्र में नहीं आते हैं जिसके कारण उक्त स्वा० केन्द्र में रोगियों का इलाज 3 वर्षों से नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कर स्वास्थ्य सेवाएँ चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*2593. श्री भोला राय—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि संविदा कर्मी का पदस्थापन गृह प्रखंड में करने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्व परियोजना निदेशक, बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, शेखपुरा, पटना ने वर्ष 2001 से 2011 के अन्तराल में प्रावधान के तहत संविदा एवं अन्य कर्मियों का स्थानान्तरण किया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि वर्तमान परियोजना निदेशक, शेखपुरा, पटना ने 31 वीं जुलाई, 2011 के बाद पूर्व के सभी आदेशों को निरस्त कर प्रथम योगदान स्थल पर योगदान करने का आदेश दिया एवं कर्मियों ने योगदान भी किया है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्रावधान के तहत पदस्थापन कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कार्य पूरा करना

*2594. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में वर्ष 2010–11 के नवम्बर, 2010 तक विधायक एच्छिक कोष से अनुशंसा के द्वारा योजनाओं का संचालन हो रहा था, जिसमें मधुबनी जिलान्तर्गत दर्जनों योजनाओं का कार्य लम्बित रह गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बासोपट्टी प्रखंड के अन्तर्गत भागीरथ पट्टी एवं भगवानपुर गाँव में वर्ष 2010–11 में विधायक एच्छिक कोष से 3,25,000/ रुपये की लागत से सामुदायिक–सह–पुस्तकालय भवन का स्वीकृति दिया गया था परन्तु 3 वर्ष बीतने के बाद भी निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक, उक्त गाँवों में अधूरे भवन का निर्माण कार्य पूरा कराना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति करना

*2595. श्रीमती उषा विद्यार्थी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज स्वास्थ्य केन्द्र को 1910 में अनुमंडलीय अस्पताल का दर्जा दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में ड्रेसर, फर्मासिस्ट एवं कम्पाउन्डर प्रतिनियुक्त नहीं है जिसके कारण अस्पताल की व्यवस्था ठीक से नहीं हो रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड एक में वर्णित अस्पताल में ड्रेसर, फर्मासिस्ट एवं कम्पाउन्डर की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित करना

*2596. श्री महेश पासवान—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के फलका प्रखंड मुख्यालय में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मात्र एक डॉक्टर है परन्तु एक भी महिला चिकित्सक नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में स्वीकृत पद के अनुरूप डॉक्टर एवं महिला चिकित्सक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधा उपलब्ध कराना

*2597. श्रीमती मीना द्विवेदी—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के सोमेश्वरनाथ मंदिर, अरेराज में वर्ष 2012 के सावन महीने के अंतिम सोमवारी को सबसे अधिक पांच लाख शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया;

(2) क्या यह बात सही है कि देवघर (झारखंड) के बाद उक्त मंदिर प्रदेश का सबसे ख्याति प्राप्त शिवमंदिर है, जहां शिव भक्तों की भीड़ सालों भर रहती है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर बौद्ध सर्किट (वैशाली-साहेबगंज-केसरिया-अरेराज-लौड़िया) के मध्य में स्थित है, जिसको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना वर्ष 2008 से सरकार के पास लंबित है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर शिव भक्तों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सूर्य सर्किट से जोड़ना

*2598. श्री अरूण मांझी—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009 में पटना जिला के मसौढ़ी प्रखंड के तारेगना में सूर्य सर्किट की योजना सरकार के पास विचाराधीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना जिले के मसौढ़ी स्थित मणिचक सूर्य मंदिर प्राचीन मंदिरों एवं पौराणिक जगहों के रूप में विख्यात है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मणिचक सूर्य मंदिर को सूर्य सर्किट से जोड़ने का विचार रखती है; यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जले ट्रांसफॉर्मर बदलना

*2599. श्री अशोक कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर प्रखंड के दिघवा दुबौली बाजार में लगे 100 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर दिसम्बर, 2012 से ही जला हुआ है जिससे विद्युत संचार व्यवस्था बाधित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त जले ट्रांसफॉर्मर को कबतक बदलने का विचार रखती है ?

---

विद्युतीकरण करना

*2600. श्री तार किशोर प्रसाद—दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 31 दिसम्बर, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''एक तिहाई गाँव में नहीं पहुंची बिजली'' के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना अन्तर्गत 28938 गाँव का विद्युतीकरण कार्य, पावर ग्रिड, एन०एच०पी०सी० एवं बी०एस० ई०बी० को दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक 21433 गाँवों का ही विद्युतीकृत किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि राज्य के 7505 गाँव आज भी विद्युतीकरण के अभाव में अंधेरे में है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष बचे गाँवों के विद्युतीकरण का इरादा रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

संचालित कराना

*2601. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत सदर अस्पताल एवं सभी प्रा० स्वास्थ्य केन्द्रों पर जेनरिक दवा दुकान निर्माण करने की निविदा वर्ष 2007-08 में राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना द्वारा सिंटेक्स कम्पनी को दिया गया था, जिसमें से 15 दुकान वर्ष 2010 से बनकर तैयार है, परन्तु स्वास्थ्य विभाग को हैण्डओभर नहीं हुआ है जबकि जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्वी चम्पारण द्वारा वर्ष 2008-09 में ही मोतिहारी सदर अस्पताल सहित उपरोक्त निर्माणाधीन सभी 15 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर जेनरिक दवा दुकान संचालन के लिए निविदा निकालकर सुरक्षित राशि जमा ले ली गई थी;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार संबंधित अधिकारियों/संवेदक पर कार्रवाई करते हुए कबतक सभी दुकानों को जिला स्वास्थ्य समिति को हैण्डओभर कराकर संचालित कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*2602. श्रीमती कुमारी मंजु वर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत छौड़ाही प्रखंड के पी०एच०सी० में एक भी महिला चिकित्सक पदस्थापित नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि महिलाओं को प्रसव के दौरान काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पी०एच०सी० में महिला चिकित्सक पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना

*2603. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत बरियारपुर प्रखंड से 13 कि०मी० दक्षिण करहडिया पंचायत मुख्यालय में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं रहने के कारण 12 हजार आबादी वाले स्थान पर आमजनों को चिकित्सा सुविधा से वंचित रहना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2005-06 में निर्णय लिया गया था कि दस हजार आबादी वाले पंचायत में जनहित में एक स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना की जायेगी;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दक्षिणी करहडिया पंचायत में जनहित में स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---

अधूरे भवन का निर्माण

*2604. श्री परमानंद ऋषिदेव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज भरगामा प्रखंड के अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन 1997 से अधूरे निर्माण की स्थिति में है, यदि हां, तो उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के अधूरे निर्मित भवन को सरकार कबतक पूरा कराने का विचार रखती है ?

कार्यान्वयन करना

*2605. श्री गोपाल जी ठाकुर - क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर विधान-सभा क्षेत्र में मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना वित्तीय वर्ष 2011-12 एवं 2012-13 की स्वीकृति योजनाओं का कार्यान्वयन अभीतक नहीं हो पाया है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार योजनाओं को यथाशीघ्र कार्यान्वयन कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बहाल करना

*2606. श्री जाकीर हुसैन खाँ - क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया नगर परिषद् के वार्ड नं0 3 में बिजली के पोल के अभाव में दिनांक 3 मार्च, 2011 से विद्युत् आपूर्ति ठप पड़ा हुआ है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वार्ड में बिजली का पोल गाड़कर विद्युत् आपूर्ति बहाल करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् आपूर्ति करना

*2607. श्री प्रदीप कुमार - क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत काशीचक प्रखण्ड के ग्राम भौआर, विरनामा, रेहड़ी, भागलपुर, हरिहरबिगहा, उपरावाँ, झोंटा, पोज बजरंग बिगहा, सुम्भाडीह, पुनन्दर बिगहा, महादेव बिगहा, बेलड़, हनुमान बिगहा, कस्तुरी बिगहा, रघुनाथपुर इत्यादि ग्रामों में बिजली नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम भौआर के 1 कि0मी0 की दूरी पर शेखपुरा जिला के अरियरी प्रखण्ड के ग्राम ससवहना में 11000 भोल्ट का बिजली चालू की स्थिति में है, भौआर से ससवहना तक 11000 भोल्ट का पोल-तार लगा हुआ है, परन्तु कनेक्शन नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों को विद्युत् आपूर्ति करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत आपूर्ति करना

*2608. श्री राम लषण राम 'रमण' - क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखण्ड की गंगद्वार पंचायत में वार्ड नं0 5, मुस्लिम टोला में मात्र सात विद्युत् खम्भा के अभाव में विद्युत आपूर्ति नहीं हो रही है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक ? पोल गड़वाकर उक्त गाँवों को विद्युत् आपूर्ति करना चाहती है ?

विकसित करना

*2609. श्री दिनेश कुमार सिंह - क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर से आरा तक वीर कुँअर सिंह का सुरंग है, जिसकी आजादी के समय लड़ाई में उपयोग होता था, जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार आरा से जगदीशपुर, वीर कुअँर सिंह के सुरंग जीर्णोद्धार कराने तथा पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्थापना करना

*2610. श्री (डॉ0) दाउद अली : क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में विद्युत ट्रांसफार्मर निर्माण संयंत्र की स्थापना नहीं होने के कारण राज्य के ट्रांसफार्मर की आवश्यकता पूर्ति के लिए अन्य राज्यों से क्रय करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार बक्सर औद्योगिक क्षेत्र में उपलब्ध भूमि पर विद्युत ट्रांसफार्मर निर्माण संयंत्र की स्थापना कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन पूर्ण कराना

*2611. श्री रामदेव महतो : क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला में 22 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण कराने हेतु वित्तीय वर्ष 2007-08 में विभाग द्वारा राशि उपलब्ध कराया गया था परन्तु अबतक मात्र चार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवनों का ही निर्माण हुआ है, यदि हां, तो सरकार शेष 18 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का भवन कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है ?

पावर ग्रिड से जोड़ना

*2612. श्री राम बालक सिंह : क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विभूतिपुर प्रखंड में नरहन विद्युत सब-स्टेशन अवस्थित है तथा चालू है;

(2) क्या यह बात सही है कि विभूतिपुर प्रखंड के पंचायतों में चार पावर ग्रिड (समस्तीपुर, रोसड़ा, दलसिंहसराय, बछवाड़ा) से विद्युत आपूर्ति होने से उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विभूतिपुर प्रखंड के सभी पंचायतों को नरहन विद्युत सब-स्टेशन (पावर ग्रिड) से जोड़ने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा दिलाना

*2613. श्री (डॉ0) इजहार अहमद : क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमण्डल के बिरौल प्रखण्ड के नवटोल ग्राम में दिनांक 19 अप्रील, 2011 को सुबह चार बजे पोल से टूटे विद्युत तार से स्पर्श से किशुनदेव पोद्दार उर्फ बौनी पोद्दार की मौत हो गई;

(2) क्या यह बात सही है कि स्व0 किशुनदेव पोद्दार की विधवा को सरकार के आदेश के बाद भी मुआवजा का भुगतान आजतक नहीं हो सका;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वास्तविक लाभुक को मुआवजा दिलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जाँच कराना

*2614. श्री अरुण कुमार सिन्हा– स्थानीय हिन्दी दैनिक के दिनांक 7 दिसम्बर, 2012 के अंक में प्रकाशित ''जेनेरिक दवा दुकान पर ठगे जा रहे मरीज'' शीर्षक को ध्यान में रखकर क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि एन०एम०सी०एच० परिसर स्थित जेनेरिक दवा दुकान पर जेनेरिक दवा के स्थान पर ट्रेड मार्क की दवा पिछले पाँच माह से मरीजों को पूरी कीमत पर दी जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दुकान की जाँच ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा पिछले पाँच माह से नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित दुकान से जेनेरिक दवा वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए इसकी नियमित जाँच ड्रग इंस्पेक्टर से कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बहाल करना

*2615. श्री महेन्द्र बैठा– क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि जनरल मैनेजर, कोशी, इलेक्ट्रिक सप्लाई एरिया, सहरसा द्वारा दिनांक 5 नवम्बर, 2012 से 10 नवम्बर, 2012 तक स्वीच ऑपरेटर के पद के लिए विज्ञापन निकाला गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विज्ञापन के आलोक में मेधा सूची के आधार पर दिसम्बर, 2012 में परीक्षा भी ले ली गयी है एवं सफल उम्मीदवारों की सूची भी जारी की गयी है लेकिन अभीतक नियुक्ति नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उन सफल उम्मीदवारों को कबतक बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य पूरा करना

*2616. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह– क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना के तहत गाँवों में बी०पी०एल० परिवारों के घरों में वायरिंग का विद्युत् आपूर्ति करने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नबीनगर प्रखंड के बेल बिगहा, बिरबल बिगहा, मोती बिगहा, बभनडीहा, रजवरिया, कान्दु बिगहा, परसा आदि 40 गाँवों का तथा बारून प्रखंड के 35 गाँवों का विद्युतीकरण का कार्य अधूरा है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में विद्युतीकरण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियुक्त करना

*2617. श्री ललित कुमार यादव–क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड के संकल्प सं० 697, दिनांक 30 दिसम्बर, 1989 में अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति में स्नातक योग्यताधारी को वर्ग-3 के पद पर नियुक्त करने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि संजय कुमार सिंह, पिता स्व० श्याम सुन्दर सिंह जो स्नातकोत्तीर्ण हैं, को दिनांक 18 अप्रील, 1990 को अनुकम्पा के आधार पर नियम विरुद्ध वर्ग-4 के पद पर नियुक्त कर दिया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार संजय कुमार सिंह को नियुक्ति की तिथि से पद परिवर्तन कर वर्ग-3 के पद पर नियुक्त करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

शिफ्ट करना

*2618. श्री (डॉ०) फैयाज अहमद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि हड्डी रोग के लिए सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में विकसित लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर के भवन में अभी भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का एक बड़ा हिस्सा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के जिम्मे होने के कारण मरीजों के लिए बेड आदि की संख्या नहीं बढ़ पा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त हड्डी रोग सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के भवन में चल रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को निकट के रिक्त पड़े क्वार्टरों/भवनों में शिफ्ट करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुनिश्चित करना

*2619. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड स्थित नौ गाँवों यथा (1) चुन्नी (2) टेंगरी (3) कुर्सो (4) चन्द्रलेया पासवान टोल (5) भिमपुर (6) दलदल (7) बलथी (8) जानकी नगर मुसहरी (9) भेजा हाई स्कूल के निकट का ट्रांसफॉर्मर विगत पाँच वर्षों से जले रहने से विद्युत् आपूर्ति बन्द है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँवों का ट्रांसफॉर्मर बदलकर विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण कराना

*2620. श्रीमती मीना द्विवेदी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के अरेराज प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत, राज बभनौली के टिकुलिया गाँव निवासी श्री अचलदेव नारायण दुबे ने वर्ष 2007 में 20 डीसमील जमीन अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए महामहिम राज्यपाल के नाम से रजिस्ट्री किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि राशि उपलब्ध नहीं रहने के कारण उक्त केन्द्र के भवन का निर्माण नहीं कराया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित स्थल पर उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के लिए आवंटन उपलब्ध कराकर भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली आपूर्ति करना

*2621. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिले के तरियानी प्रखण्ड अन्तर्गत छतौनी पंचायत के छतौनी गाँव के वार्ड सं० 9 एवं 10 में बिजली का पोल एवं वायरिंग का कार्य वर्ष 2011 में सम्पन्न करा लिया गया है किन्तु ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराकर बिजली आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*2622. श्री सतीश चन्द्र दुबे--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिले के नरकटियागंज प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टरों का आवास एवं चहारदीवारी नहीं है, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टरों के आवास एवं उसकी चहारदीवारी का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### ट्रांसफॉर्मर बदलना

*2623. श्रीमती बीमा भारती– क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत रूपौली प्रखण्ड में राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजनान्तर्गत 25 के०भी० का ट्रांसफॉर्मर लगाया गया था जिसमें से गदुहा, लक्ष्मीपुर, गिरधर, लक्ष्मीपुर छगड़ा पट्टी, भौउना, परवल, वैरिया, मेंहदी, भुमेरू एवं वसंतपुर का ट्रांसफॉर्मर 2 वर्षों से जला हुआ है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थलों पर जले हुए ट्रांसफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### तार बदलना

*2624. श्री नौशाद आलम– क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज से पौआखाली तक एवं पौआखाली एल०आर०पी० चौक से बाजार तक जाने वाली विद्युत् तार की स्थिति जर्जर हो गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों के जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

### फसल क्षति का मुआवजा

*2625. श्री मदन सहनी– क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहादुरपुर प्रखण्ड के अझोल पंचायत में वर्ष 2012 में बिजली से आग लगने से श्री अर्जुन सिंह, पिता जंग बहादुर सिंह, अरविन्द मिश्र, पिता भागरथ मिश्र, जीवछ मिश्र, पिता कुलानन्द मिश्र सहित 23 किसानों का गेहूँ फसल जल गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त किसानों को अभीतक फसल क्षति का मुआवजा नहीं दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त किसानों को फसल क्षति का मुआवजा देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### चालू करना

*2626. श्री राम बालक सिंह– क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखंड अन्तर्गत नाजिरपुर पंचायत के ग्राम पंचायत भवन (झाजी टोला) का ट्रांसफॉर्मर असामाजिक तत्वों द्वारा 11000 वोल्ट का तार काट लेने से पन्द्रह (15) वर्षों से बंद है जबकि ट्रांसफॉर्मर ठीक है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नाजिरपुर के पंचायत भवन (झाजी टोला) के ट्रांसफॉर्मर को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

### ट्रांसफॉर्मर को चालू करना

*2627. श्री सुरेन्द्र मेहता–क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के वीरपुर प्रखंड अन्तर्गत नौला ग्राम पुल के पास 100 के०भी० का ट्रांसफॉर्मर लाकर रखा हुआ है जिसे 1 साल से चालू नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ट्रांसफॉर्मर को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*2628. श्रीमती गुड्डी देवी- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के स्वास्थ्य केन्द्र, लालपुर, पोता, आलीपुर एवं महिन्दवारा का भवन 5 वर्षों से जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जर्जर भवन के निर्माण के लिये स्वास्थ्य विभाग के संकल्प सं० 366 (12) दिनांक 19 मई, 2010 के द्वारा आधारभूत संरचना निगम का गठन किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त खंड (2) के वर्णित निगम का गठन होने के बाद भी आजतक उक्त भवनों का निर्माण नहीं होने का क्या औचित्य है ?

---

उपलब्ध कराना

*2629. श्रीमती (प्रो०) उषा सिन्हा- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के हिलसा प्रखण्ड अन्तर्गत मिर्जापुर गाँव में पानी टंकी बनकर तैयार है, लेकिन विद्युत् कनेक्शन के अभाव में अभीतक चालू नहीं हो पाया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पानी टंकी में विद्युत् कनेक्शन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सौंदर्यीकरण करना

*2630. श्री पवन कुमार जायसवाल- क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के घोड़ासहन प्रखण्ड में एक अति प्राचीन कुरनिया माता मंदिर अवस्थित है जिसे पर्यटक सूची में वर्ष 2010 में शामिल किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त धार्मिक स्थल पर सप्ताह के दो दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुँचते हैं एवं दशहरा, चैत एवं रामनवमी के अवसर पर भव्य मेला लगता है, जहाँ श्रद्धालुओं को ठहरने हेतु कोई सरकारी भवन नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर श्रद्धालुओं के ठहरने हेतु धर्मशाला सामुदायिक भवन का निर्माण कराने के साथ उक्त स्थान का सौंदर्यीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थानांतरण करना

*2631. श्री मो० आफाक आलम- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि किसी भी सरकारी कर्मचारी को एक स्थान पर तीन वर्षों तक ही पदस्थापित रहने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना सिविल सर्जन कार्यालय में लिपिक एवं चालक संवर्ग के कर्मी विगत दस वर्षों से पदस्थापित हैं, जो उक्त प्रावधान के विरुद्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त लिपिकों एवं चालक को अन्यत्र स्थानान्तरण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चालू करना

*2632. श्री रत्नेश सादा-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत सरौनी मधेपुरा, झिटिकिया, रघुनाथपुर आदि गाँवों में बिजली का तार पोल अगस्त, 2012 में गाड़ा गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक उक्त तारों पर विद्युत आपूर्ति नहीं हो रहा है जिसके कारण जगह-जगह पर चोरों द्वारा तार काट लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरौनी मधेपुरा, झिटिकिया, रघुनाथपुर आदि गाँवों में तारों को ठीक कराकर विद्युत् आपूर्ति को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

आई० हॉस्पिटल खोलना

*2633. श्री श्रवण कुमार-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल, पटना परिसर में धारीईम आई० हॉस्पिटल, केरल का एक यूनिट की स्थापना आयुष (स्वा०) विभाग, भारत सरकार द्वारा क्षेत्रीय अनुसंधान संस्था (आयुष) पटना के माध्यम से जुलाई, 2009 में प्रस्तावित किया गया था, जिसमें अस्पताल भवन, विद्युत्, पानी सहित सारी वांछित सुविधाएँ आयुर्वेदिक कॉलेज को उपलब्ध कराना था, जिसे उपलब्ध करा दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस परिपेक्ष्य में नियम व शर्त के अनुसार कुछ शिक्षकों, छात्रों एवं कर्मियों को प्रशिक्षित भी किया जा चुका था, लेकिन अबतक क्षेत्रीय आयुष अनुसंधान संस्थान, अगमकुँआ (पटना) द्वारा कोई कारगर कार्रवाई नहीं की जा सकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आई० हॉस्पिटल, केरल की यूनिट खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पूरा करना

*2634. श्री नौशाद आलम-- क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंडान्तर्गत मदरसा इसलामिया अशरफिया मालिन में वर्ष 2003 में स्थानीय विधायक मद से 1,78,000/- (एक लाख अठहत्तर हजार) रु० की लागत से दो कमरे का भवन निर्माण आरंभ किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन का निर्माण कार्य अबतक अधूरा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त भवन के अपूर्ण निर्माण कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

तार हटाना

*2635. श्री अम्बिका सिंह-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिला मुख्यालय में विद्यापीठ चौक हनुमान मंदिर के पिछे से 11000 वोल्ट बिजली का तार गुजरने के कारण 20 वर्षों से निवासियों को जान का खतरा बना रहता है;

(2) क्या यह बात सही है कि वहाँ के निवासियों द्वारा जून, 2012 में कनीय अभियंता से लेकर अधीक्षण अभियंता तक उक्त तार एवं पोल को हटाने के लिए लिखित रूप से अनुरोध किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पोल एवं तार को हटाकर वैकल्पिक रास्ते से ले जाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

भी०सी०बी० लगाना

*2636. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला सहित बिहार राज्य के विद्युत् उप-शक्ति केन्द्रों में भी०सी०बी० (वैक्यूम सर्किट ब्रेकर) नहीं रहने से दुर्घटना होने की स्थिति में लाइन नहीं कटती है और जान-माल की काफी क्षति हो जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सभी विद्युत् उप-शक्ति केन्द्रों के सभी ट्रान्सफॉर्मर में भी०सी०बी० लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*2637. श्री श्याम बिहारी राम-- क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत चेनारी प्रखंड में पहाड़ी पर अवस्थित गुप्ता धाम में चैतनौरात्र, सतुआन, वैशाख पूर्णिमा, सावन माह, महाशिवरात्री एवं बसंतपंचमी के अवसर पर मेला लगता है, जिसमें कुल 20-22 लाख लोग आते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि वहाँ पहुँचने के लिए पर्यटकों को बारह मासी सड़क की सुविधा भी नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गुप्ता धाम तक बारहमासी सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

निर्माण कराना

*2638. श्रीमती गुलजार देवी-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, घोघरडीहा का परिसर अतिक्रमित है और चारो तरफ से खुला हुआ है जिससे मरीजों एवं चिकित्सकों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराकर चहारदीवारी का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

निजात दिलाना

*2639. श्री सदानन्द सिंह-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के अनुमंडलीय अस्पताल, कहलगाँव में निर्धारित चिकित्सकों, नर्सों, कम्पाउन्डरों एवं शैय्याओं की कमी है;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 09 फरवरी, 2013 को प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा निरीक्षण क्रम में यह भी पाया गया कि उपर्युक्त अस्पताल में भर्ती मरीजों को एक बजे दिन में सिर्फ दो बिस्कुट और एक कप चाय ही दी गई थी एवं एक रोगी को चिकित्सालय द्वारा एंटीबायटिक दवाई भी उपलब्ध नहीं करायी गई थी, जबकि उसकी शिकायत उसी दिन सिविल सर्जन भागलपुर से की गई थी;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कहलगाँव अनुमंडल अस्पताल को कुव्यवस्था से कबतक, निजात दिलाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

विद्युत् संबंधन करना

*2640. श्री तार किशोर प्रसाद-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बेलवा, फरही, ईटवा सहित चयनित अन्य गाँवों में नाबार्ड फेज II, अन्तर्गत नलकूप मोटर पम्पसेट का विद्युत् संबंधन करना था;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड ने लघु सिंचाई विभाग से अग्रिम भुगतान लेने के बावजूद भी विद्युत संबंधन नहीं किया;

(3) क्या यह बात सही है कि विद्युत् संबंधन नहीं होने के कारण किसान खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रहे हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अविलंब उक्त गाँवों में विद्युत् संबंधन करने का इरादा रखती है, अगर हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् आपूर्ति करना

*2641. श्री शैलेश कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत खड्गपुर प्रखण्ड के अग्रहण पंचायत के कुरवा व विन्द टोला में आजतक विद्युतीकरण का कार्य नहीं हुआ है, जबकि उक्त पंचायत में पिछड़ों तथा अति पिछड़ों की संख्या अत्यधिक है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त टोला में विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

स्थापित करना

*2642. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट प्रखण्ड के ग्राम पंचायत राज सन्हौला गोकुल के खालगाँव में स्वास्थ्य उप केन्द्र नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के पाँच कि०मी० की परिधि में एक भी स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं है, जिसके कारण वहाँ के लोगों को मूलभूत चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खण्ड (1) में वर्णित गाँव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्थापित करना चाहती है ?

------

रिक्तियों को भरना

*2643. डॉ० अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 20 दिसम्बर, 2012 के अंक में छपी खबर ''4000 फार्मासिस्ट के सहारे 35000 शॉप्स'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के नियम के अधीन एक फर्मासिस्ट केवल एक ही मेडिकल स्टोर खोल सकता है;

(2) क्या यह बात सही है कि केवल राज्य की राजधानी पटना में 4000 फार्मासिस्ट के सहारे 35000 मेडिकल स्टोर चल रहे हैं जो नियमों के विरुद्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एक ही फार्मासिस्ट के सहारे चल रहे कई मेडिकल स्टोरों की जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने तथा राज्य में फार्मासिस्टों के रिक्तियों को भरने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

------

सुविधा प्रदान करना

*2644. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के मटनार प्रखण्ड के हसनपुर पलवैया ग्राम में वैश्य समुदाय के आस्था के प्रतीक बाबा गणिनाथ का प्राचीन मंदिर स्थापित है जहाँ पर प्रतिवर्ष भादों माह में राज्य के अलावा देश के कोने-कोने से श्रद्धालु आते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त मंदिर रख-रखाव के अभाव में खराब हो रहा है एवं मंदिर के आस-पास पर्यटकों को कोई सुविधा नहीं मिल पाती है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपरोक्त स्थान को पर्यटक स्थल घोषित कर सभी सुविधाएँ प्रदान कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सेतु पर लाइट जलाना

*2645. श्री कुमार शैलेन्द्र : क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत विक्रमशीला सेतु पर 2009 में ही लाइट लगाया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि सेतु पर लगे लाइट जनवरी, 2010 से नहीं जलने से अंधकार रहता है और रोज-रोज दुर्घटना होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सेतु पर बंद पड़े लाइट को ठीक कराकर जलाना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*2646. श्री राजेश्वर राज : क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत अस्पतालों के लिए कुल स्वीकृत 27 मूर्छक चिकित्सकों के पद के विरुद्ध वर्ष 2006 से एक भी चिकित्सक पदस्थापित नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

मुआवजा देना

*2647. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह : क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत मटिहानी प्रखण्ड के सिहमा पंचायत में गंगा के भीषण कटाव के कारण वर्ष 2012-13 में 5000 बीघा उपजाऊ जमीन विलीन हो गयी, जिस कारण किसानों के सामने भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है, परन्तु पीड़ित किसानों को अभीतक कोई मुआवजा नहीं मिला है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जाँचोपरान्त किसानों को मुआवजा देने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सुनिश्चित कराना

*2648. श्री रणविजय कुमार : क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत हसपुरा प्रखण्ड पावर स्टेशन से विगत छः माह पहले बिजली आ चुका है, पर प्रखण्ड मुख्यालय बाजार में भी आजतक बिजली की आपूर्ति नहीं की जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि हसपुरा बाजार में 11 हजार का एवं एल०टी० तार भी पूरी तरह खींचा नहीं गया है साथ ही 7 ट्रांसफॉर्मर जो पूरे हसपुरा शहर को आपूर्ति करता है, जला पड़ा है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान के जले ट्रांसफॉर्मर एवं तार बदलकर विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित कराना चाहती है, अगर हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन बनवाना

*2649. डॉ० अब्दुल गफूर : क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के महिषी प्रखण्ड का बेलडाबर गाँव कोशी नदी में कटकर पूर्णरूपेण विलीन हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के पीड़ित परिवार को राहत के नाम पर पौलीथीन के अतिरिक्त कुछ नहीं दिया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के सभी पीड़ित परिवार गरीब हैं एवं अल्पसंख्यक वर्ग से आते हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव के सभी पीड़ित परिवार को राहत एवं इन्दिरा आवास योजना के तहत भवन बनवाना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उपलब्ध कराना

*2650. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के प्रखण्ड रूपौली के ग्राम भिट्ठा, सौतारी आदि, प्रखण्ड भवानीपुर के ग्राम बसंतपुर, लाठी, भवानीपुर पश्चिम, भवानीपुर पूरब आदि तथा प्रखण्ड बड़हरा कोठी के ग्राम संथाला टोला, चाय टोला, बड़हरा कोठी आदि में विद्युत् आपूर्ति नहीं हो रही है जिससे उपभोक्ताओं को अंधकार में रहना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड के ग्रामों में बिजली उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सत्र न्यायालय खोलना

*2651. डॉ० रणविजय कुमार--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के दाउदनगर अनुमण्डल में अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय कार्यरत है;

(2) क्या यह बात सही है कि दाउदनगर अनुमण्डल में उप-कारा स्थित है जिसकी क्षमता 500 बंदियों को रखने की है, जबकि 150 बंदी रहता है;

(3) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद में मंडल कारा स्थित है जहाँ 150 बंदियों के रखने की क्षमता है, जबकि वहाँ 500 बंदियों को रखा गया है तथा दाउदनगर के बंदी भी दौरा सुपुर्द होने के बाद औरंगाबाद ही चले जाते हैं, जिससे न्याय मिलने में देर होती है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दाउदनगर अनुमण्डल में सत्र न्यायालय खोलना चाहती है यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*2652. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में विभाग द्वारा अभीतक 30 शैय्या वाला अस्पताल का निर्माण नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि आजमनगर प्रखण्ड अन्तर्गत 28 पंचायत हैं, इन पंचायतों के रोगियों को अस्पताल के अभाव में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 30 शय्या वाला अस्पताल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चहारदीवारी का निर्माण

*2653. श्री श्रवण कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बेन प्रखण्ड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मुरगाँवा एवं सैदपुर में चहारदीवारी नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण परिसर में जानवरों, बकरियों इत्यादि का जमावड़ा लगा रहता है और लोग असुरक्षित भी महसूस करते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चाहरदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक ?

उपलब्ध कराना

*2654 श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, लौरिया एवं योगापट्टी में विषैले सांप एवं कुत्ते द्वारा काटा लिये जाने पर बचाव हेतु उपचार के लिए अस्पताल में जीवन रक्षक सूई उपलब्ध नहीं कराई गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सूई के अभाव में पीड़ित मरीज को दम तोड़ देना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में जीवन रक्षक दवाइयों को खण्ड (1) में वर्णित अस्पतालों में उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*2655. श्रीमती पूर्णिमा यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नवादा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत औरैना अन्तर्गत ग्राम ओढ़नपुर में विगत एक वर्ष से ट्रांसफॉर्मर जला हुआ है, यदि हां, तो सरकार उक्त ट्रांसफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*2656. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा प्रखण्ड के ग्राम ठाढ़ी, पथरा दक्षिण, मकरौय एवं भट्टावारी का ट्रांसफॉर्मर वर्ष 2012 से जला हुआ है, यदि हां, तो सरकार जनहित में उक्त गाँवों में ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधाएँ उपलब्ध कराना

*2657. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के जिला अस्पताल में सरकारी प्रावधान के अनुसार जिला अस्पताल की सारी सुविधाएँ अभीतक उपलब्ध नहीं करायी गयी हैं,

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जिला अस्पताल में सरकारी प्रावधान के अनुसार सारी सुविधाएँ उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कार्य शुरू कराना

*2658. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझा प्रखण्ड मुख्यालय में वित्तीय वर्ष 1985-86 में ही पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू किया गया था;

(2) क्या यह बात भी सही है कि इस पावर सब-स्टेशन का 60 प्रतिशत तक निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद वर्ष 1992 में अचानक कार्य बन्द कर दिया गया;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अपनी घोषणा के अनुसार उक्त अधूरे पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

* 2659. श्री संजय सरावगी—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 7 फरवरी, 2013 को प्रकाशित शीर्षक "बर्न युनिट ठप, मरीज परेशान" के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि डी0एम0सी0एच0, दरभंगा में बर्न यूनिट पिछले चार सालों से बन्द है जिसके कारण यहाँ गंभीर जले मरीजों का इलाज नहीं होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बर्न यूनिट बन्द रहने के कारण औसतन प्रतिमाह 8 जले मरीजों की मृत्यु एवं अधिकांश जले मरीजों को संक्रमण के खतरे के कारण पी0एम0सी0एच0 या अन्य निजी अस्पतालों में स्थानान्तरण कर दिया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डी0एम0सी0एच0, दरभंगा में बन्द पड़े बर्न यूनिट को चालू करने एवं बन्द के लिए दोषी व्यक्ति को चिन्हित कर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा देना

* 2660. श्री सुभाष सिंह—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत गोपालगंज विधान–सभा क्षेत्र में वर्ष 2012 में गंडक नदी में आयी बाढ़ से ग्राम–कटघरवा, खाप मकसूदपुर एवं भसही गाँव कट गये जिसके कारण यहाँ के 1000 से अधिक परिवार विस्थापित हो गये ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त गाँवों में लगी फसल भी बाढ़ से नष्ट हो गयी ;

(3) क्या यह बात सही है कि अभीतक उपरोक्त गाँवों के बाढ़ पीड़ितों को न तो फसल क्षति का मुआवजा मिला और न ही पुनर्वास की कोई व्यवस्था की गयी ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त गाँवों के बाढ़ पीड़ितों को पुनर्वासित करने एवं क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

* 2661. श्रीमती (प्रो0) उषा सिन्हा—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के कराय परशुराय प्रखण्ड के सान्ध, मेदमा, सलेमपुर, गालिमपुर, जलालपुर, छिन्तर बिघा एवं मकदुमपुर गाँवों में विद्युतीकरण के अभाव में किसानों को कृषि एवं अन्य कार्यों में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों का विद्युतीकरण कराना चाहती है और नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् आपूर्ति करना

* 2662. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारून प्रखंड के ग्राम–नरारी के 50 अत्यन्त पिछड़े उपभोक्ताओं द्वारा वर्ष 2012 के माह अगस्त में विद्युत् आपूर्ति हेतु निर्धारित सिक्युरिटी राशि जमा कर दी है परन्तु बिजली के पोल आजतक नहीं गाड़े गये हैं, जबकि अन्य लोगों को बिजली मिल रही है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्राम के अत्यन्त पिछड़ा उपभोक्ताओं को विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रा० स्वा० केन्द्र खोलना

* 2663. श्रीमती ज्योति रश्मि—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत अनोठी गोला प्रखंड में बुधुआ, बलिगाँव बाँक, विगेचनिकला, गोवर्धनपुर, मुढीआर एवं डेहरी प्रखंड में खखरा, बढीहा, गंगोली, धीगछा, सुअरा, भलुआरी में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थानों में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

* 2664. श्री रामचन्द्र सहनी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखण्ड सुगौली में छपरा बहास एवं भरगाँवा में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध है परन्तु अभीतक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण नहीं हो पाया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार स्वीकृत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, छपरा बहास एवं भरगाँवा में भवनों का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वा० उप–केन्द्र की स्थापना

* 2665. श्री (डॉ०) प्रमोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि 5,000 की आबादी पर स्वास्थ्य उप–केन्द्र की स्थापना किये जाने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मोकामा प्रखंड के ग्राम–हाथीदह की आबादी 5,000 से अधिक है परन्तु यहां अभीतक स्वास्थ्य उप–केन्द्र स्थापित नही किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार हाथीदह ग्राम में स्वास्थ्य उप–केन्द्र की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधा उपलब्ध करना

* 2666. श्री रामदेव महतो—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत पंडौल में रेफरल अस्पताल की स्वीकृति वर्ष 2005 में दी गयी जो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ही संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रेफरल अस्पताल के मानक के अनुसार अबतक भवन, डॉक्टरों, कर्मचारियों एवं आवासीय भवनों की सुविधा उपलब्ध नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रेफरल अस्पताल के मानक के अनुसार सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

* 2667. श्रीमती उषा विद्यार्थी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज प्रखंड के ग्राम–अकबरपुर, कल्याणपुर एवं करकट बिगहा में बिजली की आपूर्ति विगत दो वर्षों से बंद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्णित गाँवों का प्राक्कलन तैयार करके ऊर्जा की कार्रवाई हेतु बिहटा विद्युत प्रमंडल कार्यालय को 2010 में भेजा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित गाँवों में विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

लाभ प्रदान करना

*2668. श्री सुरेश चंचल —क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वित्त विभाग द्वारा निर्गत सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना, 2003 एवं रूपांतरित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना, 2010 के तहत प्रत्येक राज्यकर्मियों को अपने सेवाकाल में दो एवं तीन उच्चतर वेतनमान का लाभ दिया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जयप्रभा अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र, कंकड़बाग, पटना में कार्यरत / सेवानिवृत्त आयुर्वेद चिकित्सक को छोड़कर शेष सभी एलोपैथ, होम्योपैथ एवं युनानी चिकित्सकों को इस योजना का लाभ प्रदान कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अस्पताल में कार्यरत / सेवानिवृत्त आयुर्वेद चिकित्सा पदाधिकारी को भी ए० सी० पी० / एम० ए० सी० पी० का लाभ कबतक प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2669. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी प्रखंड के गौछारी ग्राम के एक युवक की मृत्यु दिनांक 17 जुलाई, 2012 को कुत्ता काटने के कारण तथा सिविल सर्जन, खगड़िया द्वारा ए० आर०भी० का इंजेक्शन नहीं दिये जाने के कारण हो गयी ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, खगड़िया ने पत्रांक 1472 / गो०, दिनांक 26 जुलाई, 2012 द्वारा विभाग को सिविल सर्जन के विरुद्ध जाँचोपरान्त दोषी मानते हुए कार्रवाई के लिए प्रतिवेदित किया है, जिसपर अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी सिविल सर्जन, खगड़िया के विरुद्ध कार्रवाई का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

समस्या का निराकरण

*2670. श्री विभाष चन्द्र चौधरी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखंड के उत्तरी भडारतल पंचायत के भडारतल गाँव में विद्युत् आपूर्ति के लिये लकड़ी के पोल 1990 में लगाये गये थे जो अब पूरी तरह जर्जर हो गये हैं और किसी भी समय इनके गिरने से दुर्घटना हो सकती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत के विसहरिया गाँव में ग्रामीणों के घर के 6 फीट ऊपर से 11,000 वोल्ट का तार गुजरता है जिसपर अनवरत बिजली प्रवाहित होती है और किसी भी समय भयानक दुर्घटना हो सकती है ;

(3) यदि उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उत्तरी भंडारतल पंचायत की उपरोक्त दोनों समस्याओं के निराकरण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटन स्थल बनाना

*2671. डॉ० इजहार अहमद—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत गौड़ाबौराम प्रखंड के ज्वालामुखी कसरौर ग्राम में माँ भगवती का मंदिर एवं नदई ग्राम में भोले शंकर मंदिर प्राचीन काल (1300) वर्षों से अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों धार्मिक स्थलों पर बारहों मास भक्तजनों का भीड़ लगी रहती है, हजारों की संख्या में दर्शनार्थी आते हैं किन्तु रहने की कोई सुविधा नहीं है जिसके कारण श्रद्धालु को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों धार्मिक स्थानों को पर्यटन स्थल बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उपलब्ध कराना

*2672. श्रीमती ज्योति रश्मि—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डेहरी अनुमंडलीय अस्पताल में डॉक्टर के 27 पद स्वीकृत हैं, लेकिन मात्र 3 डॉक्टर ही पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि डेहरी अनुमंडलीय अस्पताल में किसी तरह का ऑपरेशन एवं प्लास्टर नहीं हो रहा है और न ही कुत्तों के काटने के बाद दी जाने वाली दवा उपलब्ध है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्वीकृत पद के अनुरूप डॉक्टर को पदस्थापित करने, ऑपरेशन एवं प्लास्टर की सुविधा तथा एन्टी रैविज भैक्सिन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुनर्वासित करना

*2673. श्री मदन सहनी—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हनुमाननगर प्रखंड के नेयाम सहनी टोला बागमती नदी के किनारे बसे रहने से वर्ष 2011 में आयी बाढ़ से 40 परिवार विस्थापित हो गये हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त टोला के 40 विस्थापित परिवारों को पुनर्वासित करने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

---

पर्यटक स्थल घोषित करना

*2674. श्री दिनेश कुमार सिंह—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर वीर कुँअर सिंह का जन्म भूमि है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उनका जन्म भूमि स्थल एव किला जीर्ण–शीर्ण एवं उपेक्षित है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सरकार ने हर साल सरकारी वीर कुँअर सिंह महोत्सव मनाने की घोषणा वर्ष 2008 में वीर कुँअर सिंह विजयोत्सव के अवसर पर मा० मुख्य मंत्री ने की थी ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कुँअर सिंह किला का जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण, पर्यटक स्थल घोषित करने तथा हर साल वीर कुँअर सिंह महोत्सव मनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सुनिश्चित करना

*2675. श्री श्यामदेव पासवान—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड के ग्राम–गुरुपा बाजार में वर्ष 2010 में ही राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत बिजली पोल, तार एवं ट्रांसफॉर्मर लग गये, परन्तु आजतक वहां बिजली आपूर्ति नहीं की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गुरूपा पहाड़ अवस्थित मन्दिर बौद्ध धर्मावलम्बियों के लिए अत्यन्त ही पूजनीय एव दर्शनीय स्थान है जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में बौद्ध धर्मावलम्बी और दूसरे पर्यटक जाते हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गुरूपा बाजार में विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यो ?

---

समुचित व्यवस्था करना

*2676. डॉ० अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा सदर अस्पताल में प्रसव हेतु प्रतिदिन 50 से अधिक गर्भवती महिला भर्ती होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रसव गृह दुरूस्त नहीं होने के कारण तथा महिला चिकित्सक की कमी के कारण गर्भवती महिलाओं को प्रसव में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में प्रसव का समुचित व्यवस्था करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भूतलक्षी प्रभाव से लाभ देना

*2677. श्री सोने लाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत फिजियो थेरापिस्टों को वर्ष 1998 में कनीय प्रवर कोटि, वरीय प्रवर कोटि एवं सुपर टाईम प्रवर कोटि में लाभ दिया गया परंतु इसी विभाग में कार्यरत अक्यूपेशनल थेरापिस्टों को उक्त लाभ सरकार द्वारा अभीतक नहीं दी गयी है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार फिजियो थेरापिस्टों की भांति अक्यूपेशनल थेरापिस्टों को कनीय प्रवर कोटि, वरीय प्रवर कोटि एवं सुपर टाईम प्रवर कोटि का लाभ भूतलक्षी प्रभाव से देना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*2678. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के पीरो प्रखंड के ग्राम बंधउड् में ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिये सहायक अभियंता, विद्युत् बोर्ड, पीरो ने अपने पत्रांक 474/12, दिनांक 25 सितम्बर, 2012 के द्वारा इस्टीमेट बनाकर कार्यपालक अभियंता, विद्युत् बोर्ड आरा डिविजन को भेजा है;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, आरा ने अपने पत्रांक 2291/12, दिनांक 8 अक्तूबर, 2012 द्वारा उसी इस्टीमेट को पास करते हुए अधीक्षण अभियंता, आरा सर्किल को भेजा है;

(3) क्या यह बात सही है कि अधीक्षण अभियंता आरा सर्किल ने अपने पत्रांक 2694/12, दिनांक 22 अक्तूबर, 2012 के द्वारा इस्टीमेट पास करते हुए जी०एम० पटना को भेजा है;

(4) क्या यह बात सही है कि जी०एम० पटना ने अपने पत्रांक 9907/12, दिनांक 14 नवम्बर, 2012 के द्वारा इस्टीमेट को पास करते हुए मुख्य अभियंता, स्टोर एण्ड पर्चेज, विद्युत् बोर्ड, विद्युत् भवन, पटना को उक्त ग्राम में ट्रांसफॉर्मर लगाने हेतु अनुरोध किये हैं;

(5) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीरो प्रखण्ड के ग्राम बंधउड् में ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

टी०बी० रोग से निपटने की योजना

*2679. श्री जय कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रदेश में 2005 से 2012 तक लगभग 23 लाख लोगों के बलगम की जाँच की गयी जिसमें 5 लाख 19 हजार 670 लोगों को टी०बी० रोग था, यदि हाँ, तो इससे निपटने की सरकार की क्या कार्य योजना है ?

-------

जर्जर तार बदलना

*2680. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के खीजरसराय प्रखण्ड के पंचायत सरवहदा, हैमारा, कुडवा, ऐम्मा एवं होरमा पंचायत के डेमा, खोरमा, बखथर ग्राम के तार जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों एवं ग्रामों के जर्जर तार बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

ग्रिड की क्षमता बढ़ाना

*2681. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत करपी प्रखण्ड (कुर्था विधान-सभा क्षेत्र) के ग्राम अतौला में विद्युत् ग्रिड स्थापित है, जिससे सम्पूर्ण अरवल जिला में विद्युत् की आपूर्ति की जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रिड में मात्र 5 मेगावाट विद्युत् ही प्रवाहित किया जाता है जिससे लोगों को पर्याप्त बिजली नहीं मिलती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रिड में 10 मेगावाट विद्युत् प्रवाहित कर उसकी क्षमता को बढ़ाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*2682. श्री सोने लाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि स्थानीय क्षेत्र अभियंता संगठन कार्य प्रमंडल बांका के निविदा 5/12-13 में कार्यपालक अभियंता द्वारा अनियंत्रित ढंग से निविदा का निष्पादन किया गया है, जिसके विरुद्ध स्थानीय विधायक द्वारा प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग को दिनांक 4 जनवरी, 2013 को तथा जिला पदाधिकारी, बांका को दिनांक 23 दिसम्बर, 2012 को लिखित शिकायत भी किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा उक्त आवेदन में निविदा पर रोक लगाने एवं निगरानी जाँच कराने का आग्रह किया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निविदा को रद्द कर पुनः निविदा निकालकर इसका निष्पादन करने तथा दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण करना

*2683. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के अन्दर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत पतार का भूसी टोला, नहनी एवं ग्राम पंचायत मानपुर पतेजी का ग्राम सिवरी, बारी टोला, भरटोली, एवं गुठनी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत मैरीटार के ग्राम खिरवली, ग्राम पंचायत बलुआ के ग्राम-तीरबलुआ, बलुवा कुम्हार टोली का विद्युतीकरण नहीं हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सीवान जिले के अन्दर, गुठनी प्रखण्डों के उक्त गाँवों का विद्युतीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*2684. श्री चन्द्रशेखर--हिन्दी दैनिक के दिनांक 14 जुलाई, 2012 के अंक में प्रकाशित शीर्षक "डॉक्टर ने ली डॉक्टर की जान" के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि डॉ० श्री राम सिंह की मौत पी०एम०सी०एच० में दिनांक 13 जुलाई, 2012 के रात्रि में हो गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि डॉ० सिंह हाथ के एक छोटे से घाव का इलाज कराने पी०एम०सी०एच० पटना गए थे;

(3) क्या यह बात सही है कि अस्पताल के डॉक्टरों की लापरवाही के कारण श्री सिंह की मौत हो गई;

(4) यदि वर्णित खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराकर मृतक के आश्रितों को मुआवजा देते हुए लापरवाही करने वाले चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रामासेंटर की शुरुआत करना

*2685. श्री श्यामदेव पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि एन०एम०सी०एच० गया में ट्रामासेन्टर स्थापित करने के लिये इस वर्ष के प्रारंभ में ही अस्सी लाख रुपये मेडिकल कॉलेज को दे दिया गया परन्तु अभीतक वहाँ ट्रामासेंटर की शुरुआत नहीं हो पायी है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा मेडिकल कॉलेज को उपलब्ध करायी गई राशि को सरकार के निर्देश पर राज्य स्वास्थ्य समिति को ब्याज के साथ स्थानान्तरित कर दी गयी परन्तु इस दिशा में अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुयी है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मगध मेडिकल कॉलेज, गया में ट्रामासेंटर की शुरुआत इसी वर्ष प्रारंभ करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर स्थापित करना

*2686. श्री सुरेश चंचल– क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखण्डान्तर्गत ग्राम पंचायत जगदीशपुर, बधनगरी में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए ट्रांसफॉर्मर स्थापित नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए अलग ट्रांसफॉर्मर नहीं रहने के कारण स्थानीय लोगों द्वारा सिंचाई उपयोग के लिए लगे ट्रांसफॉर्मर का ही उपयोग किया जा रहा है जिसके जलने पर सिंचाई व्यवस्था ठप हो जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए अलग ट्रांसफॉर्मर स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

---

विद्युतीकरण कराना

*2687. श्रीमती सुनीता सिंह– क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिले के तरीयानी प्रखण्ड अन्तर्गत पोझियां पंचायत के पचरा गोट गाँव में विद्युतीकरण का कार्य नहीं हुआ है, जबकि अगल-बगल के सभी गाँवों में विद्युतीकरण का कार्य मार्च, 2012 में ही सम्पन्न करा दिया गया है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त गाँव में कबतक विद्युतीकरण का कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

न्यायालय स्थापित करना

*2688. श्री जय कुमार सिंह– क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में 38 प्रशासनिक जिले हैं जिसमें 7 जिलों को जिला न्यायालय का दर्जा हासिल नहीं हो पाया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सुपौल, अररिया, किशनगंज, लखीसराय, शेखपुरा, बांका एवं अरवल में जिला न्यायालय स्थापित नहीं है, जबकि प्रशासनिक जिला बने 20 वर्ष हो गये हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जिला न्यायालय स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू करना

*2689. श्री रामानंद राम– क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बरवरी प्रखंड में विद्युत सब-स्टेशन बनने के बाद आम ग्रामीणों को बिजली की आपूर्ति नहीं हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि गढ़पुरा प्रखण्ड में विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2001 में मिलने के बावजूद अभीतक सब-स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गढ़पुरा में सब-स्टेशन का निर्माण तथा बरवरी में बंद पड़े सब-स्टेशन को शीघ्र चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

जर्जर तार बदलना

*2690. श्री सतीश कुमार क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राघोपुर प्रखण्डान्तर्गत विद्युत की आपूर्ति पटना जिला के फतुहा प्रखंड अन्तर्गत कच्चीदरगाह से की जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड में विद्युत आपूर्ति के लिए 15 वर्ष पूर्व लगाया गया तार काफी जर्जर हो चुका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए उक्त जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्यान्वयन करना

*2691. श्री वीरेन्द्र सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गैर परम्परागत ऊर्जा मंत्रालय ने देश के 60 शहरों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने का वर्ष 2012 में निर्णय लिया है, जिसमें बिहार के दो शहर गया और भागलपुर प्रस्तावित है;

(2) क्या यह बात सही है कि नगर विकास द्वारा तकनीकी मूल्यांकन किये जाने एवं इसका मास्टर प्लान तैयार करने के लिए सरकार ने संबंधित जिलों के जिलाधिकारी और नगर आयुक्तों को इस निमित आवश्यक निर्देश वर्ष 2012 में दिया जा चुका है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गया और भागलपुर नगर को इस महत्वपूर्ण योजना का सरजमीन पर कार्यान्वयन कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण कराना

*2692. श्री सुरेन्द्र मेहता—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले में बेगूसराय प्रखंड अन्तर्गत परना ग्राम मुशहरी में महादलित टोला में अभीतक विद्युतीकरण नहीं हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त महादलित टोला में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधा उपलब्ध कराना

*2693. श्री रामचन्द्र सहनी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखंड सुगौली में रघुनाथपुर बाजार स्थित 25 के0भी0ए0 का ट्रांसफार्मर विगत 3 वर्षों से जले होने के कारण स्थानीय विद्युत उपभोक्ताओं को घोर असुविधाजनक स्थिति का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जले ट्रांसफार्मर के स्थान पर 100 के0भी0ए0 का ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विकसित करना

*2694. श्री श्याम बिहारी राम—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सासाराम जिला से 9 कि0मी0 दक्षिण पहाड़ पर अवस्थित मॉजर कुंड, धुआकुंड, सीताकुंड आदि दर्जनों जलप्रपात हैं एवं लगभग तीन कि0मी0 लम्बे क्षेत्र में पिकनिक स्पॉट है, जहाँ प्रतिवर्ष बरसात के मौसम में राज्य एवं राज्य के बाहर से लाखों सैलानी पहुँचते हैं साथ ही सावन पूर्णिमा के बाद वाले रविवार को विशाल मेला लगता है;

(2) क्या यह बात सही है कि वहाँ तक जाने के लिए एन0एच0 2 तारा चंडी धाम से एक मात्र सड़क है जो जर्जर अवस्था में है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का एवं सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् आपूर्ति बहाल करना

*2695. श्री जाकिर हुसैन खाँ--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया नगर परिषद् के वार्ड नं० 29, आदर्श म०वि० ककौड़वा बस्ती में विगत 12 महीनों से 100 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर जल जाने के कारण विद्युत् आपूर्ति ठप पड़ा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा इसकी शिकायत विगत 10 माह पूर्व से लगातार कार्यपालक अभियंता, विद्युत् प्रमंडल, अररिया से करने के बावजूद भी अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जले हुए ट्रांसफॉर्मर को बदलकर विद्युत् आपूर्ति बहाल करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विकसित करना

*2696. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के बथानी प्रखंड में ग्राम झरना-सरेन में निरंतर जल प्रवाह झरना से होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गौतम बुद्ध यहाँ पर विश्राम किये थे तथा यह स्थल राजगीर एवं बोधगया के बीच में है जहाँ पर बौद्ध लोग आया करते हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि यह स्थल पहाड़ की तराई में होने से मनमोहक, सुन्दर एवं आकर्षक है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गया जिला के बथानी प्रखंड में झरना-सरेन को पर्यटक स्थल में विकसित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

समुचित व्यवस्था करना

*2697. श्री श्याम बिहारी प्रसाद--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखंड के बंजरीया गाँव तथा नगर मोतिहारी वार्ड नं० 25 के निकट शक्तिपीठ चाढ़ी माई का मंदिर स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हर वर्ष चैत, आश्विन, नौरात्र एवं प्रत्येक वर्ष के अन्त एवं प्रथम तथा दूसरे दिन हजारों हजार की संख्या में देश एवं पड़ोसी देश नेपाल के पर्यटक चाढ़ी माई की पूजा करने आते हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि पर्यटकों के सामुदायिक सुविधा हेतु सही सड़क, बिजली, पानी, विश्रामगृह आदि की कोई सुविधा प्राप्त नहीं होने से पर्यटकों को भारी कठिनाई होती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यटकों के विश्राम गृह, सड़क, शौचालय, पानी, बिजली की समुचित व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन बनाना

*2698. श्री मनोरंजन सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत लहलादपुर प्रखण्ड मुख्यालय अवस्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र भवन विगत 5 वर्षों से जर्जर हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन के जर्जर होने से चिकित्सकों को चिकित्सीय सामान के रख-रखाव एवं आम जनता को चिकित्सा कराने में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र भवन अविलम्ब बनाने का विचार रखती है ?

पदस्थापन करना

*2699. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लौरिया एवं योगापट्टी में महिला चिकित्सकों का पदस्थापन नहीं किया गया है, जिसके कारण प्रसूति महिलाओं को चिकित्सीय कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि महिला चिकित्सक के परामर्श के अभाव में प्रति वर्ष दर्जनों महिलाओं की मौत प्रसूति के दौरान हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित केन्द्रों पर महिला चिकित्सकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*2700. श्री अख्तरुल इस्लाम शाहिन--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर के ग्राम नीरपुर (मदरसा प्रांगण) मथुरामण्डल, रानी टोला, धरमपुर (चकनुर रोड) से अत्यधिक उपभोक्ताओं के कारण विद्युत् लोड बढ़ जाता है और विद्युत् आपूर्ति बाधित होती रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थलों पर अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दर्जा दिलाना

*2701. श्री सतीश चन्द्र दुबे--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिले के नरकटियागंज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भवन निर्माता का कार्य लगभग 5 वर्ष पूर्व पूर्ण हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आजतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को अनुमंडल अस्पताल का दर्जा एवं सुविधा उपलब्ध नहीं हो सका जिससे अनुमंडलवासियों को इलाज में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को अनुमंडल अस्पताल का दर्जा एवं सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 15 मार्च, 2013 (ई०) ।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु०(एल०ए०), 257-डी०टी०पी0-450